# अपने फोन को जाने




*(1) नेवीगेशन कुंजियाँ आगामी चिन्हों द्वारा दर्शाई जाती हैं: ▲, ▼, ◀ या ▶।*

*फिलिप्स लगातार अपने उत्पाद को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। इसीलिए फिलिप्स के पास इस उपयोगकर्ता निर्देशिका को संशोधित करने और बिना पूर्व सूचना के किसी भी वक्त वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखा है। फिलिप्स यह उपयोगकर्ता निर्देशिका "वर्तमान रूप" में प्रदान करती है और, उचित कानून की आवश्यकता के अतिरिक्त, कोई त्रुटि, चूक या इस उपयोगकर्ता निर्देशिका और वर्णित उत्पाद के बीच कोई विसंगति स्वीकार नहीं करती। यह उपकरण जीएसएम/जीपीआरएस नेटवर्क्स से जोड़े जाने के लिए है।*

## किस प्रकार ...

| | |
|---|---|
| **फोन चालू/बंद करने हेतु** | को दबाएं और रोक कर रखें। |
| **फोनबुक में नंबर रक्षित करने हेतु** | फोन नंबर प्रविष्ट करें और दबा कर रक्षित करें। |
| **कॉल करने हेतु** | कुंजीपटल द्वारा फोन नंबर प्रविष्ट करें और डायल करने के लिए दबाएं |
| **कॉल का उत्तर देने हेतु** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **कॉल समाप्त करने हेतु** | दबाएं। |
| **वार्तालाप की ध्वनि प्रबलता नियोजित करने हेतु** | कॉल के दौरान ▲ या ▼ दबाएं। |
| **मुख्य मीनू में जाने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में *सूची* दबाएं। |
| **मौन मोड में जाने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं और रोक कर रखें। |
| *संपर्क* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। |
| *संपर्क* **को कॉल करने हेतु** | चुनित नाम को कॉल करने के लिए ▲ या ▼ दबाएं और फिर दबाएं। |

| | |
|---|---|
| *कॉल तालिका* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। |
| **मीनू ब्राउज़ करने के दौरान तुरंत निष्क्रिय अवस्था में जाने हेतु** | दबाएं। |
| *लघुमार्ग* **मीनू को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ▾ दबाएं। |
| **कुंजीपटल बंद करने/खोलने हेतु** | दबाएं और फिर दबाएं। |

## घटनाएं

कुछ घटनाएं (छूटी कॉलें, नया संदेश इत्यादि) निष्क्रिय स्क्रीन को रुपांतरित कर सकता है। अनुकूल मीनू एक्सेस करने के लिए दबाएं या वापस निष्क्रिय स्क्रीन तक जाने के लिए दबाएं।

## बाईं/दाईं कुजी

स्क्रीन के नीचे दिखाए गए कार्य को करने के लिए बाईं कुंजी दबाएं और फिर दबाएं।

# विषय-वस्तु


1. शुरुआत ........ 4
   - सिम कार्ड और बैटरी डालना ........ 4
   - फोन चालू/बंद करना ........ 5
   - बैटरी चार्ज करना ........ 5
2. मुख्य विशेषता ........ 6
   - फोनबुक एक्सेस करें और देखें ........ 6
   - कॉल करना ........ 6
   - उत्तर देना और कॉल समाप्त करना ........ 6
   - कॉल के दौरान के विकल्प ........ 6
   - दूसरा कॉल करना ........ 7
   - दूसरे कॉल का उत्तर देना ........ 7
   - ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना ........ 7
   - कुंजीपटल बंद करना/खोलना ........ 7
   - मौन मोड सक्रिय करना ........ 7
3. मीनू ट्री ........ 8
4. पाठ्य या नम्बर प्रविष्टि ........ 10
   - क्रिया कुन्जियाँ ........ 10
   - मल्टी-टैप ।ठब्ध्ंइब इन्पुट ........ 10
   - स्मार्ट ।ठब्ध्ंइब इन्पुट ........ 11
   - संख्यात्मक इन्पुट ........ 11
5. फोनबुक ........ 12
   - प्रविष्टि खोजना ........ 12
   - नई प्रविष्टि जोड़ना ........ 12
   - सभी को मिटाना ........ 12
   - सभी को कॉपी करना ........ 12
   - मेरा नम्बर ........ 12
   - मैमोरी की स्थिति ........ 12
   - सम्पर्क संपादन और प्रबन्धन करना ........ 12
6. संदेश ........ 13
   - संदेश लिखना ........ 13
   - इनबॉक्स ........ 13
   - आउटबॉक्स ........ 13
   - टेम्पलेट ........ 13
   - संदेश सेटिंग्स ........ 14
   - वॉयस मेल ........ 14
   - संदेश प्रसारण ........ 14
7. कॉल पंजी ........ 15
   - छूटी कॉलें ........ 15
   - डायल की गई कॉलें ........ 15
   - प्राप्त कॉलें ........ 15
   - कॉल अभिलेख मिटाएं ........ 15
   - कॉल अवधि ........ 15
   - कॉल मूल्य ........ 15

8. सेटिंग्स ........ 17
फोन सेटअप ........ 17
कॉल सेटअप ........ 17
नेटवर्क सेटअप ........ 19
सुरक्षा सेटअप ........ 19
फैक्टरी सेटिंग्स वापस डालना ........ 20
9. मनोरंजन एवं खेल ........ 21
थीम ........ 21
खेल ........ 21
खेल सेटिंग ........ 21
10. एफ एम रेडियो ........ 22
11. उपयोगकर्ता की प्रोफाइल ........ 23
12. संगठक ........ 24
कार्य सूची ........ 24
अलार्म ........ 24
कैल्कुलेटर ........ 24
13. लघुमार्ग ........ 25
14. सेवाएं ........ 26
चित्र एवं चिन्ह ........ 27
सावधानियाँ ........ 28
दोष-निवारण ........ 32
फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ........ 33
एसएआर सूचना - अंतर्राष्ट्रीय (आईसीएनआईआरपी) ....34
सीमित वारंटी ........ 35
अनुरूपता कथन ........ 37


# 1. शुरुआत

*प्रयोग करने से पहले कृप्या "सावधानियाँ" भाग में सुरक्षा निर्देश पढ़ें।*


अपना फोन प्रयोग करने हेतु, आपको अपने जीएसएम ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा प्रदान किया गया एक वैध सिम कार्ड डालना होगा। सिम कार्ड में आपकी सेवा संबंधी जानकारी, आपका मोबाइल टेलीफोन नम्बर, और एक मेमोरी शामिल हैं जिसमें आप फोन नम्बर और संदेश रक्षित कर सकते हैं। (अधिक जानकारी हेतु, "फोन बुक" देखें)।

## सिम कार्ड और बैटरी डालना


1. सुनिश्चित कर लें कि फोन बंद है।
2. इसे हटाने के लिए पिछला कवर को दबाकर नीचे की तरफ सरकाएं।




3. बैटरी को ऊपर उठाने के लिए कुण्डे को पकड़ें।



4. सिम कार्ड को खाँचे में डालें (कनैक्टर को फोन की तरफ रखते हुए)।



5. बैटरी को (कनैक्टर को नीचे की तरफ रखते हुए)तब तक पीछे सरकाएं जब तक यह रुक न जाए।



6. पिछले कवर को उसके स्थान में रुकने तक, नीचे की ओर खिस्काते हुए पुनः लगाएं।

## फोन चालू/बंद करना

फोन चालू करने के लिए को दबाएं और तब तक रोक कर रखें जब तक पॉवर ऑन स्क्रीन प्रदर्शित न हो जाए। अगर फोन ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा पूर्वसमनुरुपित और प्रदत्त पिन कोड की मांग करता है तो कृपया पिन कोड डालें और *ठीक* दबाएं। पिन कोड को व्यक्तिगत बनाने के लिए, ''पासवर्ड बदलें'' देखें और पुष्टि के लिए दबाएं।
फोन चालू करने के लिए को दबाएं और तब तक रोक कर रखें जब तक पॉवर ऑफ स्क्रीन प्रदर्शित न हो जाए।

*यदि आप तीन बार एक गलत पिन कोड डालते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसका अवरोधन हटाने के लिए, आपको अपने ऑपरेटर से पीयूके कोड प्राप्त करने हेतु निवेदन करना होगा।*

## बैटरी चार्ज करना


आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है। एक नई बैटरी आंशिक रूप से चार्ज होती है और बैटरी का स्तर कम होने पर एक ध्वनि सतर्क आपको चेतावनी देगा। यदि बैटरी खाली है तो दुबारा संकेतक चिन्ह प्रदर्शित होने के लिए इसे 2 या 3 मिनट चार्ज करना पड़ेगा।

1. बैटरी और पिछला कवर फोन से लग जाने के बाद चार्जर को कनैक्टर (फोन के साथ उपलब्ध, डब्बे में) से फोन के एक सिरे के नीचले हिस्से में सॉकेट में लगाएं। सुनिश्चित कर लें कि कनैक्टर पर तीर फोन की तरफ है। तब चार्जर का दूसरा सिरा को आसान पहुंच वाले ए सी पॉवर सॉकेट में लगाएं।



*फोन का नुकसान होने से बचाने के लिए, बैटरी चार्ज होने के दौरान कोई कॉल न करें या न हीं एस एम एस भेजें!*

2. बैटरी का चिह्न चार्ज की अवस्था दर्शाता है। चार्जिंग के दौरान, चार्ज संकेतक स्क्रॉल करेंगे। जब बैटरी पूर्णतः चार्ज हो जाए, तो चार्जर का प्लग निकाल कर अलग कर लें।



*पूर्णतः चार्ज चहोने के बाद भी चार्जर को मोबाइल से लगा रखने से बैटरी को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। चार्जर को बंव करने का एक ही रास्ता है कि इसका प्लग निकाल लें, इसीलिए आसान पहुंच वाले ए सी पावर का उपयोग करें।*

# 2. मुख्य विशेषता

## फोनबुक एक्सेस करें और देखें

निष्क्रिय अवस्था में, को दबाएं। चुनित फोनबुक (सिम या फोन में) के आधार पर स्क्रीन पर दिखलाए जाने वाले पाठ्य अंतर हो सकता है।
फोनबुक सूची में कोई अक्षर (उदाहरणतया, "Y" के लिए कुंजी दबाएं) डालें। इस अक्षर से शुरु होने वाला प्रथम संपर्क सूची में चुन लिया जाता है।

## कॉल करना

1. निष्क्रिय अवस्था में, कुंजीपटल का उपयोग कर नंबर प्रविष्ट करें। गलती सुधारने के लिए दबाएं।
2. डायल करने के लिए दबाएं और काटने के लिए दबाएं।

*अंतर्राष्ट्रीय कॉल के लिए, सामान्य अंतर्राष्ट्रीय उपसर्ग की जगह "+" चिन्ह डालने के लिए को दोबार जल्दी जल्दी दबाएं।*

### *सिम फोनबुक के स्पीड-डायल*

यदि आपके पास फोन का क्रमांक (उदाहरणतया 5) सिम में है, तो आप 5# निष्क्रिय अवस्था में प्रविष्ट कर सकते हैं। फोन सिम में रक्षित अनुरुप संपर्क प्रदर्शित करेगा, फिर आप कॉल करने के लिए दबा सकते हैं।

### *आपातकालीन कॉल*

सिम कार्ड रहित फोन से (*एस ओ एस*) दबा कर आपातकालीन कॉल कर सकते हैं।
सिम कार्ड सहित फोन से निष्क्रिय अवस्था में दबा कर आपातकालीन कॉल कर सकते हैं।

*यूरोप में मानक आपातकालीन नंबर 112 है, इंगलैंड में यह 999 है।*

## उत्तर देना और कॉल समाप्त करना

कॉल प्राप्त करने के दौरान, कॉल करने वाले का नंबर प्रदर्शित हो सकता है। अगर नंबर फोनबुक में रक्षित है तो नंबर की जगह कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित होता है।

1. कॉल का उत्तर देने के लिए: दबाएं।
2. कॉल अस्वीकार करने के लिए: दबाएं। यदि आपका *कॉल अंतरण* सक्रिय तो कॉल किसी नंबर या वॉयसमेल में अग्रेसित हो जाता है।
3. कॉल काटने के लिए: दबाएं।

*अगर आपने कोई भी कुंजी उत्तर चुन रखा है तो आप कोई भी कुंजी (सिवाय ) दबाकर कॉल प्राप्त कर सकते हैं।*

## कॉल के दौरान के विकल्प

कॉल के दौरान विकल्प तक पहुंचने के लिए दबाएं। वापस कॉल-में स्क्रीन तक जाने के लिए दबाएं।

### *फोनबुक*

कॉल के दौरान फोनबुक देखना।

### *माइक्रोफोन को मौन करना/मौन हटाना*

माइक्रोफोन को मौन करने/मौन हटाने देता है ताकि कॉल करने वाला आपको सुन सकता/नहीं सकता है। दबाएं, मौन चुनें और दबाएं।
माइक्रोफोन का मौन हटाने के लिए, दबाएं, मौन चुनें और दबाएं।

*कॉल के दौरान अन्य विकल्प*

- एस एम एस संदेश
- कॉल समाप्त करना

## दूसरा कॉल करना

जब आप सक्रिय कॉल के बीच हों तो आप कोई नंबर डायल कर (या फोनबुक से कोई संपर्क चुन सकते हैं) दबा सकते हैं। दूसरा नंबर डायल करते समय पहला कॉल रोक दिया जाता है। तब निम्नलिखित विकल्प तक पहुंचने के लिए दबाएं:

- कॉल के बीच आने जाने के लिए *अदल-बदल*।
- दो कॉल को जोड़ने के लिए *स्थानांतरण*। स्थानांतरण हो जाने के बाद आपका संपर्क टूट जाता है।
- कॉल करने वाले को कांफ्रेंस कॉल में प्रवेश कराने के लिए *सम्मेलन*।
- सक्रिय लाइन को काटने के लिए *एक समाप्त*।
- सभी लाइन को काटने के लिए *सभी समाप्त*।

## दूसरे कॉल का उत्तर देना

जब कोई आपको कॉल कर रहा हो और आप अन्य कॉल में व्यस्त हों तो फोन बीप द्वारा सतर्क करता है और स्क्रीन पर *कॉल प्रतीक्षा* प्रदर्शित होता है। तब आप:

| | |
|---|---|
| दबाएं | दूसरे इनकमिंग कॉल का उत्तर देने के लिए (जब पहला रोक कर रखा हो)। फिर दबाएं और चुनें:<br>• कॉल के बीच आने जाने के लिए *अदल-बदल*;<br>• कॉल करने वाले को कांफ्रेंस कॉल में प्रवेश कराने के लिए *सम्मेलन* |
| दबाएं | कॉल अस्वीकार करने के लिए। |
| दबाएं | चालू कॉल को समाप्त कर, फिर इनकमिंग कॉल का उत्तर दें। |

*दूसरे कॉल को प्राप्त करने के लिए, आपका वॉयस कॉल के लिए कॉल अग्रेसित निष्क्रिय होना चाहिए और कॉल प्रतीक्षा सक्रिय होना चाहिए।*

## ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना

कॉल के दौरान, ध्वनि बढ़ाने या घटाने के लिए ▲ या ▼ कुन्जियाँ दबाएं।

## कुंजीपटल बंद करना/खोलना

निष्क्रिय अवस्था में कुंजीपटल बंद करने के लिए, दबाएं और फिर । कुंजीपटल खोलने के लिए आप इस कार्यवाही को दोहरा सकते हैं।

*कुंजीपटल बंद हो जाने के बाद एल सी डी का बैकलाइट आपके दबाने तक या नहीं जलता है। तब भी आपको बंद कुंजीपटल द्वारा आपातकालीन कॉल करने की अनुमति रहती है।*

## मौन मोड सक्रिय करना

मौन मोड को सक्रिय करने के लिए को दबाएं और "*शांति सक्रिय*" संदेश तथा प्रतीक स्क्रीन पर प्रदर्शित होने तक रोक कर रखें।
मौन मोड को सक्रिय करने के लिए को दबाएं और सूचक संदेश तथा प्रतीक स्क्रीन पर प्रदर्शित होने तक रोक कर रखें।

# 3. मीनू ट्री

यह टेबल नीचे आपके फोन के संपूर्ण मीनू ट्री (पहला से तीसरा स्तर तक) विवरण देता है।

**फोनबुक**
*प्रविष्टि खोज*
*नए प्रविष्टि जोड़ें*
*सब हटाएँ*
*सबकी प्रति*
*धारक का नंबर*
*मैमोरी स्थिति*

**संदेश**
*संदेश लिखें*
*इनबॉक्स*
*आउटबॉक्स*
*टेम्प्लेट*
*संदेश सेटिंग*

प्रोफाइल सेटिंग/सामान्य सेटिंग/मैमोरी स्थिति
*ध्वनि मेल*
*संदेश प्रसारण*
प्राप्ति मोड/भाषा/चैनल

**कॉल पंजी**
*छूटी कॉलें*
*डायल कॉल*
*प्राप्त कॉल*
*कॉल लॉग हटाएँ*
छूटी कॉलें/डायल किए गए कॉल/प्राप्त कॉल/सभी को मिटाएं
*कॉल समय*
अंतिम कॉल अवधि/कुल प्रेषित/कुल प्राप्त/सभी अवधि को रिसेट करें
*कॉल लागत*
अंतिम कॉल मूल्य/कुल मूल्य/मूल्य रिसेट करें/अधिकतम मूल्य/मूल्य प्रति इकाई

**सेटिंग्स**
*फोन सेटअप*
समय और तिथि/भाषा/इनपुट विधि/प्रदर्शन/वॉलपेपर/स्क्रीन सेवर/ कंट्रास्ट /अभिनंदन पाठ्य/डुप्लीकेट कुंजी/तिथि और समय का स्वतः अपडेट
*कॉल सेटअप*
कॉलर आई डी/कॉल प्रतीक्षा/कॉल अंतरण/कॉल रोकना/लाइन बदलना/कॉल अवधि रिमाइंडर/स्वतः पुनः डायल/सीमित उपयोगकर्ता समूह
*नेटवर्क सेटअप*
नेटवर्क चयन/बैंड चयन
*सुरक्षा सेटअप*
सिम बंद/फोन लॉक/स्वतः कुंजी लॉक/नियत डायल/रुका डायल/पासवर्ड बदलें
*मूल सेटिंग पुनः संरक्षित*

**मनोरंजन एवं खेल**
*थीम्स*
नारंगी/नीला/चांदी
*खेल*
*खेल सेटिंग*
*श्रव्य/कंपन*

**एफ एम रेडियो**

**उपयोगकर्ता प्रोफाइल**
*सामान्य*
*सम्मेलन*
*आउटडोर*
*अंदरुनी*
*हेडसेट*

**संगठक**
*करने हेतु तालिका*
*अलार्म*
*गणक यंत्र*

**लघुमार्ग**

**सेवाएं**

# 4. पाठ्य या नम्बर प्रविष्टि

आप अंग्रेज़ी अक्षर, शब्द, चिह्न एवं नंबर प्रविष्ट करने हेतु इन्पुट विधियाँ चुन सकते हैं। स्क्रीन पर प्रदर्शित होने वाले चिह्न सक्रिय पाठ्य मोड दर्शाते हैं।

*विभिन्न इन्पुट विधि चुनने के लिए आप संपादन स्क्रीन में दबा सकते हैं।*

## क्रिया कुन्जियाँ

प्रत्येक कुंजी द्वारा दिखलाए जाने वाले वर्णमाला और चिन्ह निम्नलिखित हैं:

| | |
|---|---|
| (C) | वर्ण मिटाने या संपादन मोड समाप्त करने हेतु। |
| ▲ ▼ ◀ ▶ | कर्सर घुमाने, सूची से अक्षर, शब्द या चिह्न चुनने हेतु। |
| (end) | निष्क्रिय अवस्था में लौटने हेतु। |
| (—) | प्रविष्टि की पुष्टि या विकल्प डालने के लिए। |
| (*) | चिह्न प्रविष्ट करने हेतु। |
| (#) | इन्पुट विधि चुनने हेतु। |

## मल्टी-टैप ABC/abc इन्पुट

मल्टी-टैप इन्पुट विधि चुनने हेतु, स्क्रीन पर "ABC" या "abc" प्रदर्शित होने तक (#) दबाएं। इस विधि के लिए इच्छित वर्ण तक पहँचने हेतु कुन्जियों को एक से अधिक बार दबाना आवश्यक है : अक्षर "h" कुन्जी (4 GHI) पर दूसरा अक्षर है, अतः आपको अक्षर "h" प्रविष्ट करने हेतु उसे दो बार दबाना होगा। यदि आपके द्वारा प्रविष्ट किया जाने वाला इच्छित अक्षर और आपके द्वारा अभी प्रविष्ट किया गया अक्षर एक ही कुन्जी पर हों, तो कर्सर प्रदर्शित होने होने हेतु केवल कुछ सेकेंड के लिए प्रतीक्षा करें।

*मल्टीटैप ABC/abc इन्पुट विधि में खाली स्थान प्रविष्ट करने के लिए आप (0) कुन्जी दबा सकते हैं।*

***उदाहरण: शब्द "HOME" कैसे प्रविष्ट करें :***
(4 GHI), (4 GHI), (GHI) (6 MNO), (6 MNO), (6 MNO) (MNO), (6 MNO) (MNO), (3 DEF), (3 DEF) (DEF) कुन्जी दबाएं।

प्रत्येक कुन्जी पर स्थित अक्षर, नंबर एवं चिह्न नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित किए गए हैं:

| कुंजी | प्रदर्शन क्रम में वर्ण |
|---|---|
| 1 | . , - ? ! , @ : # $ / _ 1 |
| 2 ABC | a b c 2 |
| 3 DEF | d e f 3 |
| 4 GHI | g h i 4 |
| 5 JKL | j k l 5 |
| 6 MNO | m n o 6 |
| 7 PQRS | p q r s 7 |
| 8 TUV | t u v 8 |
| 9 WXYZ | w x y z 9 |
| 0 | ␣ 0 |

## स्मार्ट ABC/abc इन्पुट

यह एक व्यापक शब्दकोश सहित संदेशों के लिए एक बुद्धिमान संपादन मोड है। यह आपको अधिक तीव्रता से पाठ्य प्रविष्ट करने की अनुमति देता है। स्मार्ट इन्पुट विधि चुनने हेतु स्क्रीन पर "= ABC" या "= abc" प्रदर्शित होने तक # दबाएं। किसी शब्द की वर्तनी हेतु उसके प्रत्येक अक्षर से संबंधित संख्यात्मक कुन्जी पर केवल एक बार दबाएं : कुन्जियों के दबने का विश्लेषण और सुझावित शब्द प्रदर्शित किया जाता है। प्रयोग की गई कुन्जियों के अनुसार कई शब्द उपलब्ध होने पर, आप स्मार्ट ABC/abc अंतर्निर्मित शब्दकोश द्वारा प्रस्तावित शब्दों में से चुनने हेतु ▲ या ▼ दबा सकते हैं (नीचे उदाहरण देखें)।

***उदाहरण: शब्द "home" कैसे प्रविष्ट करें:***

1. क्रमवार कुन्जी 4, 6, 6, 3 दबाएं।
   स्क्रीन अक्षर प्रदर्शित करती है : *good*
2. *home* तक स्क्रॉल करने और चुनने हेतु ▼ दबाएं।
3. *home* शब्द की पुष्टि करने हेतु ⊏—⊐ दबाएं।

## संख्यात्मक इन्पुट

इस विधि के साथ आप नंबर प्रविष्ट करने हेतु संबद्ध कुन्जियाँ दबा सकते हैं।

# 5. फोनबुक

यह मीनू आपको अपने संपर्क का प्रबंध करने देता है। सम्पर्क दो उपलब्ध फोनबुक्स में से एक में रक्षित किए जाते हैं: सिम फोनबुक और फोन स्थित फोनबुक (200 नामों तक)। नए सम्पर्क डालते समय, सम्पर्क केवल आपके द्वारा चुनी गई फोनबुक में ही जोड़े जाएंगे: *सिम को* या *फोन को*।

## प्रविष्टि खोजना

फोनबुक में एक सम्पर्क खोजने में आपकी सहायता करता है। फोनबुक मीनू तक पहुँचने के लिए निष्क्रिय अवस्था में - दबाएं। वह नाम या नम्बर प्रविष्ट करें जिसे आप खोजना चाहते हैं और ⊏⊐ दबाएं।

## नई प्रविष्टि जोड़ना

फोनबुक में सम्पर्क जोड़ने में आपकी सहायता करता है।संपर्क चुनित मैमोरी में जोड़ दिया जाएगा।

1. मैमोरी चुनें और ⊏⊐ दबाएं।
2. नाम और नम्बर प्रविष्ट करें। पुष्टि के लिए ⊏⊐ दबाएं।

*नम्बर तुरंत रक्षित करने के लिए, निष्क्रिय अवस्था में नंबर डालें, और रक्षित करने के लिए ⊏⊐ दबाएं।*

## सभी को मिटाना

चुनित मैमोरी से सभी संपर्क मिटाने के लिए: *सिम से* या *फोन से*।

## सभी को कॉपी करना

सभी संपर्क को फोन से सिम कार्ड या सिम कार्ड से फोन में कॉपी करने के लिए।

## मेरा नम्बर

मेरा नंबर विकल्प में आपका अपना नम्बर होना चाहिए। यदि नहीं, तो हम सुझाव देते हैं कि आप अपना मोबाइल फोन नम्बर और अन्य संबद्ध जानकारी प्रविष्ट करें।

*हालांकि सभी क्षेत्र खाली हो सकते हैं, आप मेरा नम्बर नहीं हटा सकते।*

## मैमोरी की स्थिति

आप सिम कार्ड एवं फोनबुक मैमोरी की स्थिति देख सकते हैं ताकि संग्रहण स्थान का प्रभावकारी उपयोग कर सकें।

## सम्पर्क संपादन और प्रबन्धन करना

निष्क्रिय अवस्था में अपने द्वारा रक्षित संपर्क तक पहुंचने के लिए ⊏⊐ दबाएं। सूची में खोजे जाने वाले अक्षर के अनुरुप कुंजी दबाएं (उदाहरणतया "Y" के लिए 9 तीन बार दबाएं)।

अपने फोनबुक के संपर्क को चुनें और ⊏⊐ दबाकर निम्नलिखित विकल्प तक पहुंचें:

- *देखें*
- *संपादन*
- *हटाएँ*
- *प्रति*
- *स्थानांतरण*
- *संदेश भेजें*

*कॉपी करना संपर्क की सामग्री दूसरे मैमोरी में कॉपी कर देगा।*

# 6. संदेश

यह मीनू आपको ध्वनि, एनिमेशन या चित्र सहित छोटे संदेश (एस एम एस) भेजने में सहायता करता है।

## संदेश लिखना

यह मीनू आपको एक या अनेक संपर्कों को एस एम एस भेजने में सहायता करता है। जब आप संदेश लिखते हैं, स्क्रीन के उपरी दाएं हिस्से में अक्षर काउंटर प्रदर्शित होता है।

1. अपना पाठ्य डालें और अगले विकल्प के लिए ▭ दबाएं:

| | |
|---|---|
| *संपन्न* | पाठ्य की पुष्टि के लिए। |
| *टेम्पलेट प्रयोग करें* | पूर्वनिधारित संदेश चुनने के लिए। |
| *वस्तु डालें* | संदेश में चित्र, एनिमेशन, या ध्वनि जोड़ने के लिए। |
| *पाठ्य फॉर्मेट करें* | *पाठ्य शैली, झुकाव* तथा *नई वाक्य-खण्ड* सेट करने के लिए। |

2. *संपन्न* चुनें और अगले विकल्प के लिए ▭ दबाएं:

| | |
|---|---|
| *केवल भेजें* | संदेश तत्काल भेजने के लिए। |
| *रक्षण तथा भेजें* | संदेश की एक कॉपी आउटबॉक्स में रक्षित करने और संदेश भेजने के लिए। |
| *रक्षण* | संदेश को आउटबॉक्स में रक्षित करने के लिए। |
| *अनेक को भेजें* | संदेश अनेक संपर्क को भेजने के लिए। |

## इनबॉक्स

यह मीनू आपको अपने द्वारा प्राप्त किए गए एसएमएस संदेश पढने में सहायता करता है। संदेश प्रदर्शित होने पर, उसे पढ़ने के लिए ▭ दबाकर निम्नलिखित विकल्प तक पहुंचे:

| | |
|---|---|
| *उत्तर दें* | प्रेषक को उत्तर देने हेतु। |
| *अग्रेषित* | चुनिंदा संदेशों का संपादन और अग्रेषित करने हेतु। |
| *संपादन* | चुनिंदा संदेश के संपादन हेतु। |
| *हटाएँ* | चुनिंदा संदेश मिटाने हेतु। |
| *सब हटाएँ* | सभी संदेशों को एक साथ मिटाने हेतु। |
| *नंबर उपयोग करें* | प्रेषक का नंबर रक्षित करने या संदेश से नंबर प्राप्त करने हेतु। |
| *वस्तु रक्षण* | मल्टीमीडिया मद जैसे संदेश के चित्र को रक्षित करने हेतु। |

## आउटबॉक्स

सिर्फ तब जब आप *रक्षण तथा भेजें* या *भेजें* चुनकर संदेश भेजते हैं तब संदेश मीनू में रक्षित हो जाता है।

## टेम्पलेट

यह आपको अक्सर उपयोग होने वाले दस तक संदेशों को पूर्वनिर्धारित करने देता है। आप उनको *संपादन* या *मिटाएँ* सकते हैं।

## संदेश सेटिंग्स

यह मीनू आपको एस एम एस निम्नलिखित विकल्पों द्वारा अनुकूल करने में सहयोग देता है:

### प्रोफ़ाइल सेटिंग्स

| | |
|---|---|
| *एम एस सी नंबर* | अपने डिफॉल्ट सेवा केंद्र को चुनने हेतु। **यदि यह आपके सिम कार्ड में नहीं है तो अपना एस एम एस केंद्र नंबर प्रविष्ट करना होगा।** |
| *मान्यता* | अपने संदेश को एस एम एस सेवा केंद्र में रक्षित रखने का समय चुनने हेतु। |
| *प्रकार* | अपने संदेश प्रकार चुनने हेतु। |

### सामान्य सेटिंग्स

| | |
|---|---|
| *सुपुर्दगी रिपोर्ट* | जब *चालू* हो, यह विकल्प एस एम एस द्वारा आपको सूचित करेगा कि आपके द्वारा भेजा गया एस एम एस प्राप्त हुआ कि नहीं। |
| *प्रत्योत्तर मार्ग* | यह आपके एस एम एस संदेश के प्राप्तकर्ता को आपको संदेश केंद्र के माध्यम से उत्तर देने में सहयोग देता है। |

*यह विशेषता सब्सक्रिप्शन पर आधारित है।*

### मैमोरी स्थिति

सिम कार्ड और फोन में रक्षित संदेश की मैमोरी स्थिति प्रदर्शित करने के लिए।

## वॉयस मेल

यह मीनू आपको वॉयस मेल सर्वर नंबर देखने देता है और वॉयस मेल सुनने देता है। जब आप वॉयस मेल प्राप्त करते हैं, आपका सेवा प्रदानकर्ता आपको एक संदेश भेज देता है।

फोन आपको वॉयस मेल सर्वर का नंबर प्रविष्ट करने देता है। यह नेटवर्क सेवा प्रदानकर्ता नंबर के साथ देता है।

वॉयस सर्वर का नंबर सेट करने के लिए आप पहला मद चुन कर नंबर डाल सकते हैं।

वॉयस मेल सुनने के लिए आप *ध्वनि मेल से जुड़ें* चुन सकते हैं।

***यदि आप निष्क्रिय अवस्था में कुंजी (1) को दबा कर और रोक कर रखते हैं तो आप वॉयस मेल सर्वर तक तुरंत पहुंच सकते हैं।***

## संदेश प्रसारण

*यह विशेषता नेटवर्क पर आधारित है।*

यह मीनू नेटवर्क पर सभी सब्सक्राइबर को अकसर भेजे जाने वाले एस एम एस प्रसारण के अभिग्रहण का प्रबंध की अनुमति देता है। अधिक जानकारी के लिए अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।

# 7. कॉल पंजी

यह मीनू छूटी, प्राप्त और डायल की गई कॉल और सभी कॉलों की अवधि को रिकार्ड कर सकता है।

## छूटी कॉलें

इस मीनू द्वारा आप हाल की अनुत्तरित कॉलें देख सकते हैं। किसी कॉल अभिलेख को चुनें और ⊡ दबाकर निम्नलिखित विकल्प तक जाएं:

| | |
|---|---|
| *रक्षण* | चुनित नम्बर रक्षित करने के लिए। |
| *हटाएँ* | चुनित नम्बर मिटाने के लिए। |
| *डायल* | चुनित नम्बर डायल करने के लिए। |
| *संपादन* | चुनित नम्बर संपादित और फोनबुक में रक्षित करने के लिए। |

## डायल की गई कॉलें

यह मीनू आपको हाल में डायल किए गए कॉल को देखने में सहायता करता है जिसमें प्रयासित या सफल कॉल शामिल हैं।

## प्राप्त कॉलें

यह मीनू आपको हाल में प्राप्त कॉल को देखने में सहायता करता है।

## कॉल अभिलेख मिटाएं

इस मीनू में तीन विकल्प हैं जो छूटी, डायल की गई तथा प्राप्त कॉल को मिटा सकता है।

## कॉल अवधि

यह मीनू आपको किए या प्राप्त कॉल के कुल समय तथा पिछले कॉल की अवधि (फ़ॉर्मेट: घंटा, मिनट, सेकेंड) देखने में सहयोग करता है आप पिछले कॉल और सभी कॉल के समयक भी रिसेट कर सकते हैं।

*आपके सेवा प्रदानकर्ता द्वारा बिल में दिए गए कॉल और सेवा के वास्तविक समय में बदलाव हो सकता है जो नेटवर्क फिचर्स, बिल हेतु राउंड ऑफ करना, टैक्स इत्यादि पर निर्भर करता है।*

## कॉल मूल्य

### *अंतिम कॉल मूल्य*

पिछले किए कॉल की मूल्य दिखाने के लिए।

### *कुल मूल्य*

अंतिम बार समयक रिसेट होने के बाद के किए गए सभी कॉल का मूल्य देखने के लिए। यदि कुल मूल्य *अधिकतम लागत* द्वारा सेट अधिकतम मूल्य से ज्यादा हो जाता है तो आप और कोई कॉल नहीं कर सकते जब तक आप समयक रिसेट को पुनः रिसेट न करें।

### *रिसेट मूल्य*

मूल्य समयक रिसेट करने के लिए पहले पिन2 प्रविष्ट करना आवश्यक है।

### *अधिकतम मूल्य*

अपने कॉल के लिए अधिकतम सेट करने के लिए। (पिन2 प्रविष्ट करना आवश्यक है)

### *मूल्य प्रति इकाई*

प्रति इकाई मूल्य सेट करने के लिए। यह प्रति इकाई मूल्य आपके कॉल के मूल्य का हिसाब करते समय लागू होता है। (पिन2 प्रविष्ट करना आवश्यक है)

# 8. सेटिंग्स

यह मीनू आपको फोन को अनुकूल बनाने और प्रत्येक उपलब्ध विकल्प (समय और तिथि, सुरक्षा इत्यादि) की अनुमति देता है।

## फोन सेटअप

### *समय और तिथि*

आपको *घर शहर नियत करें* और *समय/दिनांक नियत करें* को सेट करने देता है।
घर शहर नियत करने करने के लिए आप ▴ या ▾ दबाएं।
समय/तिथि सेट करने के लिए आप उपयुक्त नंबर कुंजियां दबा सकते हैं।

### *भाषा*

यह मीनू आपको समस्त मीनू पाठ्य के लिए भाषा चुनने की अनुमति देता है। भाषा चुनने के लिए ▴ या ▾ दबाएं और पुष्टि के लिए ⊟ दबाएं।

### *इनपुट विधि*

डिफॉल्ट इनपुट विधि डालने की अनुमति देता है।

### *डिस्प्ले*

निष्क्रिय अवस्था में *दिनांक तथा समय दर्शाएं* या *धारक का नंबर दर्शाएं* को चुनने की अनुमति देता है।

### *वॉलपेपर*

निष्क्रिय अवस्था में प्रदर्शित स्क्रीन की पृष्ठभूमि चित्र सेट कर सकते हैं।

### *स्क्रीनसेवर*

कुछ समय निष्क्रिय अवस्था में होने के बाद प्रदर्शित चित्र को स्क्रीनसेवर की तरह सेट कर सकते हैं।

### *कंट्रास्ट*

आपको कंट्रास्ट के विभिन्न स्तरों में से चुनने की अनुमति देता है।

### *अभिनंदन पाठ्य*

यह आपको व्यक्तिगत अभिनंदन पाठ्य की अनुमति देता है। फोन चालू होने पर यह प्रदर्शित होता है।

| | |
|---|---|
| *स्थिति* | अभिनंदन पाठ्य का प्रर्दशन सक्रिय या निष्क्रिय करने के लिए। |
| *पाठ्य* | अभिनंदन पाठ्य का विषय सेट करने के लिए। |

### *समर्पित कुंजी*

निष्क्रिय अवस्था में आप नेवीगेशन कुंजी दबाकर आप तुरंत प्रीसेट प्रकार्य पर पहुंच सकते हैं। यह मीनू आपके पसंद के अनुसार प्रीसेट प्रकार्य को रुपांतरित करने की अनुमति देता है।

### *तिथि और समय का स्वतः अपडेट*

फोन में समय का स्वतः अपडेट करना।

## कॉल सेटअप

### *कॉल आई डी*

अपने संवाददाता की पहचान के लिए *नेटवर्क द्वारा नियत करें*/ *आईडी छिपाएं* / *आईडी भेजें* को दिखाने और छुपाने के लिए चुनें।

### *कॉल प्रतीक्षा*

यह एक प्रकार की नेटवर्क सेवा है। अगर आप *सक्रिय* चुनते हैं तो कॉल के दौरान अगर दूसरा आदमी आप तक पहुंचने की कोशिश कर रहा हो तो फोन आपको सूचित करेगा। अन्यथा आप *निरस्त* चुनते हैं तो फोन आपको सूचित

नहीं करेगा। जो आदमी कॉल कर रहा होगा वह व्यस्त टोन सुनेगा या कॉल दूसरे फोन पर डाइवर्ट हो जाएगा (अगर आपका फोन *व्यस्त होने अंतरण* पर सेट हो)।

### *कॉल डाइवर्ट*

वॉयसमेल बॉक्स या इनकमिंग कॉल को डाइवर्ट करने के लिए (चाहे यह आपको फोनबुक में हो या न हो)।

| | |
|---|---|
| *सभी ध्वनि कॉल* | सभी वॉयस कॉल डाइवर्ट होंगी। |
| *व्यस्त होने पर*<br>*अनुत्तरित होने पर*<br>*पहुंच के बाहर होने पर* | अवस्था के अनुसार आप इनकमिंग कॉल को डाइवर्ट करने की अनुमति देता है। |
| *सभी डाटा कॉल* | सभी डाटा कॉल डाइवर्ट होंगी। |
| *सभी अंतरण रद्द करें* | सभी डाइवर्ट विकल्प निरस्त होंगी। |

आप डाइवर्ट सेटिंग्स को निरस्त करने के लिए आप *निरस्त* चुन सकते हैं या वर्तमान डाइवर्ट सेटिंग्स की जांच करने के लिए *पृछताछ स्थिति* को चुन सकते हैं।

### *कॉल अवरोधन*

यह मीनू आपको अपने फोन से बाहर या इनकमिंग कॉल को रोकता है। यह प्रकार्य नेटवर्क के अधीन है और सेवा प्रदानकर्ता से दिया हुआ एक विशेष कॉल अवरोधन पासवर्ड की जरुरत होती है। *बाहर जाने वाली कॉल* मीनू आपको *सभी कॉल*, *अंतर्राष्ट्रीय कॉल* या *घर के अलावा अंतर्राष्ट्रीय* (अक्षर जिससे विदेश में होते हुए भी आप अपने देश में कॉल कर सकते हैं)
*आने वाली कॉल* मीनू *सभी कॉल* या *जब रोमिंग हो* की अनुमति देता है।
*सभी रद्द* मीनू आपको अवरोध विकल्प हटाने की अनुमति देता है।
*रोधन पासवर्ड बदलें* मीनू अवरोध कोड को बदलने की अनुमति देता है।
आप *निरस्त* को चुनकर अवरोध सेटिंग्स को निरस्त कर सकते हैं या *पृछताछ स्थिति* को चुनकर आप वर्तमान स्थिति को चुन सकते हैं।

### *लाइन बदलना*

कुछ सिम कार्ड दो सब्सक्राइबर नंबर (नेटवर्क सेवा) के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। यह प्रकार्य तभी उपलब्ध होता है अगर सिम कार्ड समर्थन देसत है।

### *कॉल समय रिमाइंडर*

कॉल के अनुसार फोन को बीप करने की अनुमति देता है।

| | |
|---|---|
| *बंद* | फोन बीप नहीं करता। |
| *एक* | बीपींग समय को 1 से 3000 (सेकेंड) तक की अनुमति देता है। |
| *सामयिक* | सामयिक बीपींग समय को 30 से 60 (सेकेंड) तक चुनने की अनुमति देता है। सामयिक समय तक फोन बीप नहीं करेगा। |

### *स्वतः पुनः डायल*

अगर आपके फोन को उत्तर नहीं मिलता तो कुछ अंतराल में फोन पुनः डायल करेगा। पुनः डायल रोकने के लिए या दबाएं।

### *सीमित उपयोगकर्ता समूह*

इस मीनू को समरुपी नेटवर्क समर्थन की जरुरत होती है। विकल्प के उपयोग करने से पहले फोन को नेटवर्क प्रदानकर्ता से सेट कराना होगा। यह आपके फोन के संचार को बाधित कर सकता है। सक्रिय होने के बाद आप अपने फोन से समूह के उपयोगकर्ता से बात कर सकते हैं।

## नेटवर्क सेटअप

### *नेटवर्क चयन*

यह मीनू आपको सेवा नेटवर्क चुनने की अनुमति देता है (आपको *स्वचालित* चयन की सलाह दी जाती है)।

| | |
|---|---|
| *स्वचालित* | आपका फोन स्वतः ही एक प्रयोग करने योग्य नेटवर्क का चुनाव करेगा और पंजीकृत हो जाएगा। |
| *हस्तचालित* | आपको क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क की सूची प्रदान करता है। वह नेटवर्क चुनें जिसमें आप पंजीकृत होना चाहते हैं। |

### *बैण्ड चयन*

यह मीनू कॉल के लिए नेटवर्क बैण्ड चुनने हेतु प्रयोग किया जाता है।

## सुरक्षा सेटअप

### *सिम लॉक*

सिम लॉक सक्रिय होने पर, आपको पिन कोड प्रविष्ट करना होगा (पिन कोड प्रदाता द्वारा सिम कार्ड के साथ प्रदान किया जाता है)। आपके द्वारा प्रविष्ट किया गया पिन कोड तीन बार गलत होने पर, आपको पीयूके कोड (पिन अनलॉकिंग कोड) प्रविष्ट करना होगा। पीयूके कोड लॉक हो चुके पिन कोड को मुक्त करने या बदलने हेतु प्रयोग किया जाता है। पीयूके कोड प्रस्तुत न किए जाने या खो जाने पर, आप नेटवर्क प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं।

### *फोन लॉक*

यह मीनू फोन के पासवर्ड को सेट करने की अनुमति देता है, डिफॉल्ट स्थिति *बंद* है। जब आप की स्थिति को *चालू* कर देते हैं तो फोन के चालू होने पर आपको हमेशा पासवर्ड डालना होगा।

### *स्वतः कुंजी लॉक*

निष्क्रिय अवस्था में कुंजीपटल को स्वतः लॉक करने की अनुमति देता है। सूची में से आप लॉक करने के अंतराल को चुन सकते हैं। कुंजीपटल को खोलने के लिए आप और फिर दबाएं।

*तुरंत कुंजीपटल को लॉक करने के लिए आप और फिर दबाएं।*

### *नियत डायल*

निर्दिष्ट फोन नंबर पर बाहर जाने वाली कॉल को बाधित करने के लिए अनुमति देता है। प्रकार्य को सक्रिय करने के लिए पिन2 कोड की आवश्यक्ता होती है। यह कोड आपको नेटवर्क प्रदानकर्ता से मिलता है।

*सब सिम कार्ड में पिन2 कोड नहीं होता है, तो यह मीनू अनुपयोगी होता है*

### *अवरुद्ध डायल*

यह मीनू आपको विभिन्न आउटगोइंग कॉलें प्रतिबंधित करने की अनुमति देता है।

अपने सिम कार्ड की सहायता से, आप इस क्रिया को सक्रिय या निष्क्रिय कर सकते हैं।

### *पासवर्ड बदलना*

यह मीनू *पिन* / *पिन2* कोड और *फोन लॉक* बदलने हेतु प्रयोग किया जाता है।

## पिन कोड

पिन कोड (निजी पहचान नंबर) के इस्तेमाल से आप सिम कार्ड के अनाधिकृत इस्तेमाल को रोक सकते हैं। सेवा प्रदानकर्ता डिफ़ॉल्ट मूल्य प्रदान करता है। अगर आप पिन कोड को लगातार तीन बार गलत डालते हैं तब फिर आपको पीयूके कोड डालने के लिए पूछा जाएगा।
पीयूके कोड सिम कार्ड के साथ प्रदान किया जाता है। अगर दिया गया है तो आप सेवा प्रदानकर्ता से प्राप्त कर सकते हैं।
अगर आप लगातार दस बार पीयूके कोड गलत डालते हैं तो सिम कार्ड हमेशा के लिए लॉक हो जाएगा।

## पिन2 कोड

यह कुछ विशेष प्रकार्य जैसे चार्जिंग, नियत डायल इत्यादि को एक्सेस करने के लिए उपयोग में आता है। सेवा प्रदानकर्ता डिफ़ॉल्ट मूल्य प्रदान करता है। अगर आप पिन2 कोड को लगातार तीन बार गलत डालते हैं तो सिम कार्ड लॉक हो जाता है और फिर आपको पीयूके2 डालने के लिए पूछा जाएगा। सेवा प्रदानकर्ता पीयूके2 कोड प्रदान करता है।
अगर आप पिन2 कोड को लगातार दस बार गलत डालते हैं तो वह प्रकार्य जिन तक पहुंचने के लिए पिन2 आवश्यक है, वह उपयोग के लायक नहीं रहता है।

## फोन लॉक पासवर्ड

फोन लॉक पासवर्ड दूसरे लोगों से फोन के अनाधिकृत इस्तेमाल से सुरक्षा प्रदान करता है। यह पासवर्ड जरुरी है जब आप सभी डाटा मिटा देते हैं या वापिस फैक्टरी सेटिंग्स डालते हैं। शुरु का फोन लॉक पासवर्ड 1122 है।

## फैक्टरी सेटिंग्स वापस डालना

फोन की डिफॉल्ट कंफिग्यूरेशन को पुनः सेट करने की अनुमति देता है। फोन को पुनः सेट करने से पहले आपको पासवर्ड डालना होगा।

*ठीक पासवर्ड डालने के बाद (पासवर्ड और फोन लॉक पासवर्ड समान है और जिसका मूल्य 1122 है), फ़ोन डिफ़ॉल्ट कंफिग्यूरेशन में वापस आ जाएगा।*

# 9. मनोरंजन एवं खेल

## थीम

यह मीनू आपको स्क्रीन के रंग का विषय सेट करने की अनुमति देता है। आपके द्वारा चुनने हेतु तीन प्रकार के विषय हैं। अपने वांछित थीम को चुनें और *विकल्प* दबाकर निम्नलिखित विकल्पों तक पहुंचें।

| | |
|---|---|
| *सक्रिय* | चुनिंदा विषय सक्रिय करने हेतु। |
| *अद्यतन अवधि* | रंग अद्यतन की बारंबारता सेट करने हेतु। |
| *क्रम सेट करें* | रंग अद्यतन का क्रम सेट करने हेतु। |

***आपके द्वारा** अद्यतन अवधि **या** क्रम सेट करें **में कोई भी विकल्प चुनने पर, आपको सेटिंग करने के बाद** सक्रिय **चुनना होगा।***

## खेल

यह मीनू आपको विभिन्न खेलों के चयन की अनुमति देता है। विवरण के लिए, कृपया स्क्रीन पर *खेल में मदद* की सहायता लें।

## खेल सेटिंग

यह मीनू आपको खेलों के ऑडियो एवं कंपन प्रभाव को चालू या बंद करने की अनुमति देता है।

# 10. एफ एम रेडियो

यह मीनू ईयरफोन को फोन के हेडसेट में लगाने के बाद रेडियो बजाने देता है। आप रेडियो सुनते समय कॉल कर सकते हैं या आने वाली कॉल का उत्तर दे सकते हैं। रेडियो कॉल के दौरान स्वतः बंद हो जाएगा।

*यदि आप मीनू खोलना चाहते हैं या रेडियो बजाना चाहते हैं, तो पहले आपको अपने ईयरफोन को हेडसेट से लगा कर इस प्रक्रिया को सक्रिय करना होगा!*

निष्क्रिय अवस्था में पहले ईयरफोन को लगाएं और (FM) दबाएं, या मुख्य मीनू में *एफ एम रेडियो* चुनें और दबाएं, एफ एम रेडियो बजने लगेगा।
रेडियो मीनू में प्रविष्ट होने के लिए *विकल्प* दबाएं, *सामंजस्य* / *चैनल तालिका* / *पूर्वनिर्धारित स्वतः खोज* चुनें।

| | |
|---|---|
| *सामंजस्य* | जिस रेडियो चैनल को आप सुनना चाहते हैं उसकी आवृत्ति सेट करने के लिए आप 87.5HZ और 108HZ के बीच आवृत्ति सेट कर सकते हैं। आवृत्ति सेट हो जाने के बाद अपने फोन में चैनल सूची (सूची में सिर्फ पंद्रह चैनल रक्षित हो सकते हैं) सेट करने के लिए आप 1 और 15 के बीच अंक प्रविष्ट करें। |
| *चैनल तालिका* | सेटअप किए गए चैनल सूची को प्रदर्शित करने के लिए। डिफॉल्ट आवृत्ति 87.5HZ है, और नए सेटअप किए गए चैनल का डिफॉल्ट नाम नई आवृत्ति होगा। *विकल्प* दबाएं और आप चैनल *बजाएं* या *पुनः नाम दें* चुन सकते हैं। |
| *पूर्वनिर्धारित स्वतः खोज* | अपने फोन को स्वतः स्कैन कर सभी उपलब्ध रेडियो आवृत्ति चैनल सूची में सेट करने के लिए। आवृत्ति सीमा 87.5HZ-108HZ है। |

# 11. उपयोगकर्ता की प्रोफाइल

यह मीनू आने वाली कॉल की रिंगर, नया संदेश को सेट करने की अनुमति देता है। यह आपको सतर्क प्रकार, रिंगर की वॉल्यूम, उत्तर मोड, बैकलाइट अवधि को सेट करने की अनुमति देता है ताकि आपका फोन सभी वातावरण में अनुरुप हो सके।

1. *सामान्य* / *सम्मेलन* / *बाहरी* / *अंदरुनी* / *हेडसेट* चुनें और फिर विकल्प मीनू से *सक्रिय* चुनें। जो मोड आपने चुना है वह कार्य में है।
2. निम्नलिखित विकल्पों को चुनने के लिए विकल्प मीनू में से *कस्टमाइज* को चुनें।

| | |
|---|---|
| *लय सेटअप* | इसमें *आनेवाली कॉल*, *अलार्म*, *पावर चालू*, *पावर बंद*, *संदेश लय*, *कुंजीपटल लय* है। |
| *आवाज* | सात स्तर में से किसी भी एक स्तर पर *झंकार लय* और *कुंजी टोन* को सेट करने की अनुमति देता है। |
| *सक्रिय प्रकार* | इसमें *झंकार*, *केवल कंपन*, *कंपन एवं झंकार*, *कंपन फिर झंकार* है। |
| *झंकार प्रकार* | इसमें *एक*, *पुनः*, *बढ़ते हुए* है। |
| *अतिरिक्त लय* | इसमें सुझावित ध्वनियां जैसे *चेतावनी*, *त्रुटि*, *कैंप चालू* और *जोड़ें* है। |
| *उत्तर प्रकार* | उत्तर देने के लिए *कोई कुंजी* को सेट करने की अनुमति देता है। |
| *एल सी डी पृष्ठलाईट* | *एल सी डी पृष्ठलाईट* की अवधि, जैसे 5, 15, 30, 45 सेकंड को चुनने की अनुमति देता है। |

***उत्तर मोड में "स्वतः" विकल्प केवल हेडसेट मोड दिखाता है। हेडसेट मोड को सक्रिय करने की आवश्यकता नहीं है। जब भी आप ईयरफोन को लगाते हैं तो फोन हेडसेट मोड में पुनः चालू हो जाएगा।***

# 12. संगठक

## कार्य सूची

यह मीनू कार्य और जीवन में विभिन्न कार्यक्रम प्रबंध करने की अनुमति देता है। आप *करने हेतु तालिका* पाठ्य और विस्तार समय को सेट करता है। निम्नलिखित विकल्पों को एक्सेस करने के लिए उपस्थित मद या *खाली* को चुनें, और फिर ▭ दबाएं:

| | |
|---|---|
| *जोड़ें* | नया मद जोड़ने की अनुमति देता है। |
| *संपादन* | चुनित मद को संपादित करने की अनुमति देता है। |
| *हटाएँ* | चुनित मद को मिटाने की अनुमति देता है। |
| *सब हटाएँ* | सभी मद को मिटाने की अनुमति देता है। |

तिथि, समय, नोट (कार्य का पाठ्य) डालें और स्थिति चुनें (*बंद* / *एक बार* / *प्रतिदिन*) और पुष्टि के लिए ▭ दबाएं।

*जो आप इस डालते हैं वह 24-घंटे में के फ़ॉर्मेट होना चाहिए।*

## अलार्म

यह मीनू आपको अलार्म घड़ी सेट करने की अनुमति देता है। स्थिति (*बंद* / *एक बार* / *प्रतिदिन*) और समय को चुनें और पुष्टि के लिए ▭ दबाएं।

*आपका मोबाइल फ़ोन बंद होने पर अलार्म घड़ी बजेगी। अलार्म घड़ी बजने पर, पर उसे बंद करने हेतु ▭ दबाएं। थोड़ी देर घंटी बंद करने हेतु ▭ दबाएं। अलार्म 4 फिर बजेगा।*

## कैल्कुलेटर

यह मीनू जमा, घटा, गुणा और भाग के नाम के लिए आता है।

1. पहले अंक को डालें और ऑपरेटर चिन्ह चुनने के लिए ▲ या ▼ दबाएं।
2. दूसरा अंक डालें।
3. अगर जरुरी हो तो 1 और 2 दोहराएं।
4. परिणाम के लिए ▭ दबाएं।

# 13. लघुमार्ग

यह मीनू आपके दस मद को तेज पहुंच वाले मद की तरह सेट करने में सहायता करता है। आप इन डिफॉल्ट मदों को अपने जरुरत के अनुसार रुपांतरित कर सकते हैं।

### *लघुमार्ग के मद तक पहुंचे*

1. निष्क्रिय अवस्था में लघुमार्ग मीनू तक पहुंचने के लिए ▾ दबाएं।
2. किसी वांछित मद को चुनें और प्रविष्ट करने के लिए ⊟ दबाएं।

### *लघुमार्ग के मद तक को बदलें*

1. मुख्य मीनू में *लघुमार्ग* चुनें, रुपांतरित होने वाले मद को चुनें और संपादित अवस्था में जाने के लिए ⊟ दबाएं।
2. बदलाव करने वाले मद को चुनें, और पुष्टि के लिए ⊟ दबाएं।

# 14. सेवाएं

इस मीनू के प्रकार्य मद सब्सक्रिप्शन आधारित है तथा आपरेटर विशेष है। यदि आपके डाले हुए सिम कार्ड में एस टी के प्रकार्य है तो एस टी के मीनू स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। अनुरुप सेवा विकल्प चुनें और प्रकार्य तक पहुंचने के लिए ▭ दबाएं।

# चित्र एवं चिन्ह

निष्क्रिय अवस्था में, स्क्रीन पर एक साथ कई चिन्ह प्रदर्शित किए जा सकते हैं।

*यदि नेटवर्क का चिन्ह प्रदर्शित न हो, तो नेटवर्क वर्तमान तौर पर उपलब्ध नहीं होगा। आप किसी निकृष्ट अभिग्रहण क्षेत्र में हो सकते हैं, किसी अन्य स्थान पर जाना सहायक हो सकता है।*

**बैटरी** - बार बैटरी स्तर प्रदर्शित करता है (3 बार = पूर्ण, 0 बार = निम्न).

**जी एस एम नेटवर्क** - पआपका फोन जी एस एम नेटवर्क से जुड़ा है।

**अभिग्रहण गुणवत्ता** - जितना बार दिखाया जाता है अभिग्रहण उतना ही बढ़िया होता है।

**कुन्जीपटल लॉक** - सक्रिय।

**अलार्म** - सक्रिय।

**झंकार** - कॉल प्राप्त करने के दौरान आपके फोन की घंटी बजेगी।

**कंपन** - कॉल प्राप्त करने के दौरान आपका फोन में कंपन होगा।

**कंपन तथा रिंग** - कॉल प्राप्त करने के दौरान आपका फोन में कंपन होगा और घंटी बजेगी।

**कंपन फिर रिंग** - कॉल प्राप्त करने के दौरान आपका फोन में कंपन होगा फिर घंटी बजेगी।

**ध्वनि मेल** - आपने एक नया वॉयस मेल प्राप्त किया है।.

**कॉल अंतरण** - सभी वॉयस कॉल का अंतरण करें सक्रिय है।

**छूटी कॉल** - आपकी कॉल छूट गई।

**एस एम एस संदेश** - पआपने एक नया एस एम एस संदेश प्राप्त किया है।

**लाइन** - पवर्तमान लाइन।

# सावधानियाँ

## रेडियो तरंगें



आपका सेल्युलर मोबाइल फोन एक **कम ऊर्जा वाला रेडियो ट्रान्समीटर और रिसीवर** है। इसके प्रचालित होने पर, यह रेडियो तरंगें प्रेषित और प्राप्त करता है। रेडियो तरंगें आपके दूरभाष नेटवर्क से जुड़े एक बेस स्टेशन को आपकी ध्वनि या डाटा संकेत वहन करती हैं। नेटवर्क फोन की संचारण ऊर्जा को नियंत्रित करता है।

• आपका फोन जीएसएम फ्रीक्वेन्सी (900 /1800 MHz) में रेडियो तरंगें प्रेषित/प्राप्त करता है।
• जीएसएम नेटवर्क संचारण ऊर्जा (0.01 से 2 वॉट्स) को नियंत्रित करता है।
• आपका फोन सभी संबद्ध सुरक्षा मानकों का पालन करता है।

आपका सेल्युलर मोबाइल फोन आपकी ज़िम्मेदारी है। अपने आप को, दूसरों या स्वयं फोन को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु, सभी सुरक्षा निर्देश पढ़ें और उनका पालन करें और अपना फोन मांगने वाले किसी भी व्यक्ति को उनकी जानकारी दें। इसके अतिरिक्त अपने फोन के अनाधिकृत प्रयोग से बचने के लिए :



अपना फोन एक सुरक्षित स्थान पर और छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

अपना पिन कोड लिखने से बचें। बल्कि उसे याद रखने का प्रयास करें।

यदि आप फोन को लम्बे समय के लिए बिना प्रयोग किए रखना चाहते हैं तो फोन बंद कर दें और बैटरी निकाल लें।

अपना फोन खरीदने के बाद और कॉल प्रतिबंध विकल्प सक्रिय करने हेतु अपना पिन कोड बदल लें।



आपके फोन का डिज़ाइन लागू होने वाले सभी नियम एवं कानूनों के अनुरूप है। हालांकि आपका फोन अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अतः आपको घर और बाहर दोनों स्थानों पर अपने सेल्युलर फोन का प्रयोग करते समय सभी **स्थानीय सुझावों और नियमों** का पालन करना होगा। **वाहनों और विमानों में सेल्युलर फोनों के प्रयोग संबंधी नियम विशेष रूप से कड़े हैं।**

कुछ समय से सेल्युलर फोनों के उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित हुआ है। जीएसएम तकनीक सहित, रेडियो तरंग तकनीक में वर्तमान शोध का पुर्नावलोकन किया गया है और रेडियो तरंग की ऊर्जा के सम्पर्क से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा मानकों की रूपरेखा तैयार की गई है। आपका सेल्युलर टेलीफोन **लागू होने वाले सभी सुरक्षा मानकों** और रेडियो यन्त्र एवं दूरसंचार यन्त्र निदेश 1999/5/EC **के अनुरूप है।**

## अपना फोन हमेशा बंद रखें ...

अपर्याप्त रूप से सुरक्षित या **संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित हो सकते हैं। इस व्यवधान से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।



किसी **विमान** में चढ़ने से पहले और/या अपने सामान में फोन को पैक करते समय : विमान में मोबाइल फोन्स का प्रयोग विमान के संचालन के लिए खतरनाक हो सकता है, मोबाइल फोन्स के नेटवर्क में बाधा उत्पन्न कर सकता है और गैरकानूनी हो सकता है।



**अस्पतालों**, दवाखानों, अन्य स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों में और कहीं भी जहाँ आप **चिकित्सीय उपकरण** के बहुत निकट हों।



संभावित **विस्फोटक परिवेश** वाले क्षेत्रों में (उदाहरणस्वरूप पेट्रोल स्टेश्नों और ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ हवा में धूल के कण, जैसे धातु चूर्ण शामिल हों)।

ज्वलनशील उत्पाद स्थानान्तरित करने वाले किसी वाहन में (चाहे वाहन खड़ा हो) या द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) द्वारा चालित किसी वाहन में, पहले यह जाँचें कि वाहन लागू होने वाले सभी सुरक्षा नियमों के अनुरूप हो।

ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ आपसे रेडियो संचार करने वाले यन्त्र बंद करने हेतु निवेदन किया जाए, जैसे खदानें या अन्य क्षेत्र जहाँ विस्फोट किए जा रहे हों।



वाहन के निर्माता से मालूम करें कि आपके वाहन में प्रयोग किए गए **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित न होते हों।

## पेसमेकर्स

यदि आपके पास एक **पेसमेकर** है :

- फोन चालू होने पर, संभावित व्यवधान से बचने के लिए, उसे हमेशा अपने पेसमेकर से 15 से.मी. से अधिक दूरी पर रखें।
- फोन को सामने की जेब में न रखें।
- संभावित व्यवधान को कम से कम करने हेतु पेसमेकर के विपरीत कान का प्रयोग करें।
- यदि आपको संदेह हो कि व्यवधान हो रहा है तो अपना फोन बंद कर दें।

## श्रवण उपकरण

यदि आप एक **श्रवण उपकरण** के प्रयोक्ता हैं, तो अपने चिकित्सक और श्रवण उपकरण निर्माता से यह जानने के लिए परामर्श लें कि क्या आपका विशिष्ट यन्त्र सेल्युलर फोन के व्यवधान के प्रति संवेदनशील है या नहीं।

## निष्पादन में सुधार

**अपने फोन के निष्पादन में सुधार करने,** रेडियो ऊर्जा उत्सर्जन कम करने, **बैटरी की खपत कम करने और सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देशों का पालन करें :**



फोन के अनुकूलतम और संतोषजनक निष्पादन हेतु आपको फोन को सामान्य प्रचालन अवस्था में प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है (हैंड्स-फ्री अवस्था में या किसी हैंड्स-फ्री सहायक उपकरण के साथ प्रयोग न करते हुए)।

- अपने फोन को अत्यधिक तापमानों के सम्पर्क में न आने दें।
- फोन की देखभाल करें। किसी भी दुरोपयोग से अंतर्राष्ट्रीय गारंटी समाप्त हो जाएगी।
- फोन को किसी द्रव्य में न डुबाएं ; यदि आप का फोन गीला हो, तो उसे बंद करें, बैटरी निकालें और उन्हें पुनः प्रयोग करने से पहले 24 घंटों के लिए सूखने दें।
- फोन को साफ करने हेतु, उसे किसी मुलायम कपड़े से पोंछें।
- कॉलें करने और प्राप्त करने में बैटरी की ऊर्जा एक समान खपत होती है। हालांकि, एक स्थान पर रखे रहने में मोबाइल में निष्क्रिय स्क्रीन में कम ऊर्जा खपत होती है। निष्क्रिय स्क्रीन में होने पर, आपके फोन में नेटवर्क को नवीनीकृत स्थान जानकारी प्रेषित करते हेतु ऊर्जा खपत होती है। बैकलाइट को छोटी समय अवधि के लिए सेट करना और मीनू में बिना

कारण आगे-पीछे न जाना भी फोन के लम्बे समय तक प्रयोग और स्टैण्डबाई निष्पादनों हेतु बैटरी की ऊर्जा में बचत करेगा।

## बैटरी संबंधी जानकारी

- आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है।
- केवल निर्दिष्ट चार्जर का ही प्रयोग करें।
- जलाएं नहीं।
- बैटरी को मोड़ें या खोलें नहीं।
- धातु की वस्तुओं (जैसे आपकी जेब में रखी चाबियाँ) को बैटरी के सिरों से शार्ट सर्किट न करने दें।
- अत्यधिक गर्मी (60°से. या 140°एफ. से अधिक), नमी या ज्वलनशील परिवेशों के सम्पर्क से बचें।



आपको केवल फिलिप्स प्रामाणिक बैटरी एवं सहायक उपकरणों का ही प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि किन्हीं अन्य सहायक उपकरणों का प्रयोग आपके फोन को हानि पहुँचा सकता है और खतरनाक हो सकता है, और आपके फिलिप्स फोन के लिए सभी गारंटियों को रद्द एवं अमान्य कर देगा। किसी भी अनुचित प्रकार की बैटरी के प्रयोग द्वारा विस्फोट हो सकता है।

सुनिश्चित कर लें कि क्षतिग्रस्त हिस्से योग्य तकनीशियन द्वारा तुरंत बदल दिया गया हो और फिलिप्स के असल पुर्जे से बदला गया हो।

## आपका मोबाइल फोन और आपकी गाड़ी



अध्ययन से पता चला है कि वाहन चलाते समय टेलीफोन पर बात करना एकाग्रता कम करता है, जो खतरनाक हो सकता है। निम्न निर्देशों का पालन करें :

- अपना पूरा ध्यान वाहन चलाने में लगाएं। फोन का प्रयोग करने से पहले सड़क के किनारे आएं और गाड़ी खड़ी करें।
- जिन देशों में आप वाहन चलाते हैं वहाँ के स्थानीय नियमों का पालन करें और अपने जीएसएम फोन का प्रयोग करें।
- यदि आप अपना फोन किसी वाहन में प्रयोग करना चाहते हैं, हैण्ड्सफ्री प्रकार्य या ईयरफोन का उपयोग करें, साथ ही साथ ड्राइविंग पर पूरा ध्यान देना सुनिश्चित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि आपका फोन और कार किट आपकी गाड़ी में लगे किसी एयरबैग या अन्य सुरक्षा उपकरण को अवरुद्ध न करे।.

कुछ देशों में सार्वजनिक सड़कों पर इन्कमिंग फोन कॉलें दर्शाने के लिए किसी वाहन की लाइट या हार्न संचालित करने हेतु किसी अलार्म तन्त्र का प्रयोग वर्जित है। स्थानीय नियम देखें।

## EN60950 नियम

गर्म मौसम की स्थिति में या लम्बे समय तक धूप में (जैसे किसी खिड़की या शीशे के पीछे) रहने के बाद, आपके फोन के आवरण का तापमान बढ़ सकता है, विशेषतः एक धातु की सज्जा होने पर। ऐसी स्थिति में अपना फोन उठाते समय सावधान रहें और उसे 40° से. से अधिक या 5° से. से कम परिवेशी तापमान में प्रयोग करने से भी बचें।

## वातावरण की देखभाल



अपनी पैकेजिंग सामग्री, पूर्णतः समाप्त बैटरियों और पुराने फोन के निपटान संबंधी स्थानीय नियमों का पालन करना याद रखें और कृप्या उनके पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें।

फिलिप्स ने बैटरी और पैकेजिंग पर आपके अंतिम अवशेष के पुनर्चक्रण और उचित निपटान को बढ़ावा देने हेतु तैयार किए गए मानक चिह लगाए हैं।

| | |
|---|---|
| | बैटरी सामान्य घरेलू कचरे के साथ नष्ट नहीं की जानी चाहिए। |
| | चिह्नित पैकेजिंग सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है। |
| | संस्थागत राष्ट्रीय पैकेजिंग प्राप्ति और पुनर्चक्रण तन्त्र में एक वित्तीय योगदान किया गया है। |
| | प्लास्टिक सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है (प्लास्टिक की किस्म भी पहचानी जाती है)। |

# दोष-निवारण

### *फोन चालू नहीं होता*

बैटरी को निकालें/पुनः स्थापित करें। यह सुनिश्चित कर लें कि चार्जर का जैक सही कनैक्टर में लगा है। फिर बैटरी चिन्ह का स्क्रॉल करना समाप्त होने तक फोन को चार्ज करें। चार्जर से हटाएं और मोबाइल चालू करने का प्रयास करें।

### *आपके द्वारा चालू करने पर प्रदर्शन अवरुद्ध प्रदर्शित करता है*

किसी ने आपके फोन को प्रयोग करने का प्रयास किया है परन्तु वह न ही पिन कोड और न मुक्ति कोड (पीयूके) जानता था। अपने सेवा प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *चिह्न प्रदर्शित नहीं होता*

नेटवर्क सम्पर्क समाप्त हो गया है। आप या तो किसी रेडियो प्रभाव में हैं (किसी सुरंग या ऊँची इमारतों के बीच) या आप नेटवर्क आवरण क्षेत्र से बाहर हैं। किसी अन्य स्थान से प्रयास करें, नेटवर्क से पुनः सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास करें (विशेषतः जब विदेश में हों), या सहायता/जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *कुन्जियों के दबने पर प्रदर्शन प्रतिक्रिया नहीं करता (या प्रदर्शन धीरे -धीरे प्रतिक्रिया करता है)*

प्रदर्शन बहुत कम तापमानों पर बहुत धीरे प्रतिक्रिया करता है। यह सामान्य है और फोन के प्रचालन को प्रभावित नहीं करता। फोन को एक गर्म स्थान के निकट ले जाएं और पुनः प्रयास करें। अन्य मामलों में, कृप्या अपने फोन प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *आप पाठ्य संदेश नहीं भेज पा रहे*

कुछ नेटवर्क अन्य नेटवर्क्स के साथ संदेशों का आदान-प्रदान समर्थित नहीं करते। पहले यह जाँच लें कि आपने अपने एसएमएस केन्द्र का नम्बर प्रविष्ट किया है, या इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आपको ऐसा लगता है कि आपसे कुछ कॉलें छूट जाती हैं*

सभी कॉल प्राप्त करने के लिए सुनिश्चित कर लें कि कॉल अंतरण का कोई भी विकल्प सक्रिय न हो।

### *प्रदर्शन दिखाता है अपना सिम कार्ड प्रविष्ट करें*

यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया हो। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *मीनू में किसी लक्षण का प्रयोग करने पर, मोबाइल प्रदर्शित करता है अनुमति नहीं*

कुछ लक्षण नेटवर्क पर निर्भर करते हैं। अतः, वे केवल नेटवर्क या आपका सब्सक्रिप्शन इसको समर्थन देता है।

### *आपका फोन चार्ज नहीं हो रहा*

यदि आपकी बैटरी पूर्णतः समाप्त हो चुकी है, तो स्क्रीन पर चार्जिंग चिन्ह प्रदर्शित होने से पहले उसे पूर्व-चार्ज हेतु कई मिनट (कुछ मामलों में 5 मिनट तक) लग सकते हैं।

# फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण

कुछ सहायक उपकरण, जैसे एक बैटरी और एक चार्जर आपके मोबाइल फोन के पैकेज में मानक तौर पर शामिल होते हैं। अतिरिक्त सहायक उपकरण भी प्रदान किए जा सकते हैं या अलग से बेचे जा सकते हैं। अतः पैकेज में शामिल वस्तुएं भिन्न हो सकती हैं।

*अपने फिलिप्स मोबाइल फोन के प्रदर्शन का अधिकतम लाभ प्राप्त करने और वारंटी रद्द न करने हेतु, हमेशा फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ही खरीदें जो विशेष रूप से आपके फोन के साथ प्रयोग करने हेतु तैयार किए जाते हैं। अनाधिकृत सहायक उपकरणों के प्रयोग द्वारा होने वाली किसी भी क्षति के लिए फिलिप्स कन्ज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।*

## चार्जर

किसी भी ए.सी. आउटलेट में आपकी बैटरी चार्ज करता है। किसी ब्रीफकेस/हैण्डबैग में ले जाने हेतु छोटा है।

## हेडसेट

आपके द्वारा ईयरफोन लगाते ही आपका फोन स्वतः हेडसेट मोड सक्रिय कर देता है। और आप उत्तर मोड में "स्वचालित" विकल्प का चयन कर सकते हैं। यह विकल्प स्थिति "चालू" होने पर, आपका फोन स्वतः ही 2 सेकण्ड्स में इनकमिंग कॉल का उत्तर देता है।

# एसएआर सूचना - अंतर्राष्ट्रीय (आईसीएनआईआरपी)

**यह मोबाइल फोन रेडियो तरंगों के प्रदर्शन हेतु अंतर्राष्ट्रीय सुझावों का पालन करता है**

आपका मोबाइल फोन एक रेडियो प्रसारक एवं प्राप्तकर्ता है। यह अंतरर्रष्ट्रीय मानकों द्वारा निर्धारित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) के प्रदर्शन हेतु सीमाओं के भीतर अभिकल्पित एवं निर्मित है। ये सुझाव इन्टर्नेश्नल कमीशन ऑन नॉन-आयोनाइज़िंग रेडियेशन प्रोटेक्शन (आईसीएनआईआरपी), द्वारा स्थापित किए गए हैं जो आयु एवं स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना, सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण सुरक्षा गुंजाइश अनुमानित करते हैं।

मोबाइल फोन के लिए प्रदर्शन मानक में विशिष्ट अवशोषण दर अथवा (एसएआर) के रूप में ज्ञात माप-इकाई का प्रयोग होता है। आम जनता द्वारा प्रयुक्त मोबाइल फोन हेतु सिर के लिए एसएआर सीमा आईसीएनआईआरपी द्वारा टिश्यु के प्रति 10ग्रा. में 2.0 वा./कि.ग्रा. सुझावित है।

फोन द्वारा सभी फ्रीक्वेंसी बैण्ड्स में अपने सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर प्रसारण करते हुए सुझावित प्रचालन अवस्थाओं के प्रयोग द्वारा एसएआर के लिए निरीक्षण किए गए हैं। हालांकि एसएआर सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर निर्धारित किया जाता है, प्रचालन के समय मोबाइल फोन के वास्तविक एसएआर स्तर सामान्यतः अधिकतम एसएआर दर से कम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन बहु-ऊर्जा स्तरों पर प्रचालन के लिए अभिकल्पित होते हैं ताकि नेटवक तक पहुँच के लिए केवल वांछित ऊर्जा का प्रयोग हो। सामान्यतः, आप किसी बेस स्टेशन एन्टिना के जितने निकट होंगे, ऊर्जा उतनी ही कम होगी।

यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी रेडियो तरंगों के प्रदर्शन के अंतराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

मानक के विरुद्ध अनुरूपता हेतु परीक्षण करने पर इस फिलिप्स S220 के लिए अधिकतम एसएआर दर 0.962 वा./कि.ग्रा. पाया गया। यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी आर एफ एक्सपोज़र के अंतराष्ट्रीय दिशा निर्देशों की पूर्ति करते हैं।
रेडियो तरंगों का प्रदर्शन सीमित करने हेतु, मोबाइल फोन की कॉल अवधि कम करने या एक हेडसेट प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है। इन सावधानियों का उद्देश्य मोबाइल फोन को सिर एवं शरीर से दूर रखना है।

# सीमित वारंटी

1. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल है ?

फिलिप्स मूल फुटकर क्रेता (''उपभोक्ता'' या ''आप'') को वारंटी देता है कि फिलिप्स द्वारा मूल रूप से बिक्री पैकेज (''उत्पाद'') में प्रदान किया गया यह फिलिप्स सेल्युलर उत्पाद और सभी सहायक उपकरण निम्नलिखित शर्तों और स्थितियों के अधीन और उपयोग संबंधी निर्देशों के साधारण प्रयोग हेतु सामान, अभिकल्प और कारीगरी की खराबी से मुक्त है। यह सीमित वारंटी उपभोक्ता को केवल क्रय के मूल देश में खरीदे गए और प्रयोग किए जा रहे उत्पादों के लिए प्रदान की जाएगी। सीमित वारंटी केवल फिलिप्स द्वारा उत्पाद की बिक्री हेतु अभिप्रेत देश में ही मान्य है।

2. सीमित वारंटी की अवधि कितनी होती है ?

उत्पाद के लिए सीमित वारंटी की अवधि उत्पाद की खरीद की तिथि से, खरीद के वैध प्रमाण द्वारा प्रलेखित, एक (1) साल के लिए प्रभावी है। पुनः चार्ज करने योग्य असली फिलिप्स बैटरी की सीमित वारंटी खरीद की तिथि से छः (6) महीने तक प्रभावी है।

3. सीमित वारंटी की अवधि के दौरान उत्पाद के सामान और कारीगरी में भौतिक त्रुटियों से मुक्त न होने पर फिलिप्स क्या करेगा ?

सीमित वारंटी की अवधि के दौरान, फिलिप्स के विकल्प पर फिलिप्स या उसका अधिकृत सेवा प्रतिनिधि किसी खराब उत्पाद को, पुर्ज़ों या श्रम हेतु बिना शुल्क लिए, ठीक करेगा या नए या पुनर्निर्मित पुर्ज़ों या उत्पाद से बदलेगा और ऐसा ठीक किया गया उत्पाद चालू हालत में उपभोक्ता को लौटाएगा। फिलिप्स खराब पुर्ज़े, घटक या यन्त्र रख लेगा।

ठीक किया गया या बदला गया उत्पाद इस सीमित वारंटी द्वारा मूल सीमित वारंटी की अवधि के शेष बचे समय या ठीक करने या बदलने जाने की तिथि से नब्बे (90) दिनों, जो भी अधिक हो, के लिए शामिल किया जाएगा। फिलिप्स के विकल्प पर, उत्पाद की मरम्मत या प्रतिस्थापन आपके लिए विशिष्ट सुविधा है।

4. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल नहीं है ?

इस सीमित वारंटी में निम्नलिखित शामिल नहीं है :

a) दुरुपयोग, दुर्घटना, परिवहन या अन्य भौतिक क्षति, अनुचित स्थापना, असामान्य प्रचालन प्रबंधन, अनदेखी, बाढ़, आग, जल या अन्य तरल पदार्थ के प्रवेश सं प्रभावित उत्पाद ; या
b) फिलिप्स द्वारा अनाधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा की गई मरम्मत, बदलाव, या परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त उत्पाद ; या
c) उत्पाद जिसमें सिग्नल स्थितियों, नेटवर्क विश्वस्नीयता या तार या एन्टिना तन्त्रों के कारण प्राप्ति या प्रचालन समस्याएं हों ; या
d) गैर-फिलिप्स उत्पादों या सहायक उपकरणों के साथ प्रयोग द्वारा उत्पन्न उत्पाद त्रुटियाँ या समस्याएं ; या
e) उत्पाद जिससे वारंटी/गुणवत्ता स्टिकर, उत्पाद क्रम संख्या या इलेक्ट्रॉनिक क्रम संख्या हटाई, बदली या पढ़ने योग्य न छोड़ी गई हो ; या
f) क्रय के मूल देश के बाहर उत्पाद का खरीदा जाना, प्रयोग होना, जाँचा जाना, या मरम्मत हेतु लाया जाना, या व्यावसायिक या संस्थागत उद्देश्यों (किराए के लिए दिए गए उत्पाद शामिल करते हुए परन्तु उन तक सीमित नहीं) के लिए प्रयोग होना ; या
g) उत्पाद जो खरीदारी के वैध प्रमाण के बिना लौटाया गया हो या जिसका खरीदारी का प्रमाण बदला गया हो या पढ़ने योग्य न हो।
h) सामान्य टूट-फूट या बलपूर्वक तोड़ना।

5. आप वारंटी सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

a) उत्पाद को फिलिप्स के एक अधिकृत सेवा केन्द्र में लौटाएं। आप निकटतम अधिकृत सेवा केन्द्र के स्थान के लिए स्थानीय फिलिप्स कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
b) फिलिप्स को देने से पहले उत्पाद से सिम कार्ड निकाला जाना चाहिए। फिलिप्स सिम कार्ड या उसमें रक्षित डाटा की क्षति या नुक्सान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगा।
c) यदि उत्पाद की विफलता इस सीमित वारंटी में शामिल नहीं जाती, या यह सीमित वारंटी यहाँ दिए गए नियम एवं शर्तों के कारण लागू नहीं होती, अमान्य या अवैध है, तो उपभोक्ता से उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने और मरम्मत या प्रतिस्थापन संबंधी अन्य सभी शुल्क लिया जाएगा।
d) महत्वपूर्ण - आपके लिए उत्पाद को खरीद के एक वैध प्रमाण के साथ लौटाना आवश्यक है जो स्पष्ट रूप से खरीद के स्थान, खरीद की तिथि, उत्पाद के मॉडल और उत्पाद की क्रम संख्या की पहचान करेगा।

6. अन्य शर्त : यह वारंटी एक सम्पूर्ण समझौता है।

ऊपर पहले ही स्पष्ट की गई वारंटियों के अलावा और जो कानून द्वारा सांकेतिक हैं और जो समझौते द्वारा व्यक्त नहीं की जा सकतीं और न ही परिवर्तित की जा सकती हैं, फिलिप्स कोई अन्य वारंटी, चाहे वह स्पष्ट या सांकेतिक हो, उपलब्ध नहीं करती (चाहे कानून, कानून की प्रक्रिया के अधीन या अन्यथा) और विशेष रूप से किसी खास उद्देश्य के लिए यथेष्ट गुणवत्ता की कोई वारंटी व्यापारिकता या उपयुक्तता का बेदावा करती हैं।

फिलिप्स की कुल ज़िम्मेदारी उत्पाद से या उसकी खरीदारी या उपयोग से उत्पन्न होने वाले नुक्सानों से संबंधित, ऐसे नुक्सान के प्रकार और कारण पर ध्यान दिए बिना या निश्चित दावे के प्रकार या चित्रांकन (जैसे समझौता या टोपिट), उत्पाद के भुगतान के असली खरीद मूल्य से अधिक नहीं होगा।

हालांकि किसी भी परिस्थिति में फिलिप्स किसी भी दण्डात्मक, विशेष, प्रासंगिक, अप्रत्यक्ष या परिणामस्वरूप क्षतियों (पर प्रयोग की क्षति, समय के नुक्सान, असुविधा, व्यावसायिक क्षति, मनुाफों में हानि, व्यापारिक अवसरों की हानि, सामान या सेवाओं के प्रतिस्थान का मूल्य, निवेशों, सुनाम या यश की क्षति, या आंकड़ों के नुक्सान और तीसरे पक्षों के दावों को शामिल करते हुए) उत्पाद की खरीद या प्रयोग से उत्पन्न होने वाले, कानून द्वारा पूर्ण सीमा तक अनुमति, चाहे फिलिप्स को ऐसी क्षतियों की संभावना पर सलाह दी गई हो या नहीं। ये परिसीमाएं किसी सीमित उपाय के आवश्यक उद्देश्य की असफलता के बावजूद लागू होंगी।

यह सीमित वारंटी उपभोक्ता और फिलिप्स के बीच इस सेल्युलर उत्पाद के संदर्भ में एक सम्पूर्ण एवं विशिष्ट समझौता प्रस्तुत करती है और पक्षों के बीच पिछले सभी समझौतों, मौखिक या लिखित, और पक्षों के बीच इस सीमित वारंटी की विषय-वस्तु से संबंधित अन्य सभी सूचनाओं को बर्खास्त करती है। उसमें कोई वाहक, विक्रेता, एजेन्ट, डीलर, कर्मचारी, या फिलिप्स का कर्मचारी इस सीमित वारंटी में परिवर्तन करने हेतु अधिकृत नहीं है और आपको ऐसे किसी प्रस्ताव पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

यह सीमित वारंटी मान्य राष्ट्रीय कानूनों के अन्तर्गत उपभोक्ता के वैधानिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करती।

# अनुरूपता कथन

हम,
**फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक हांगकांग लिमिटेड**
**बिजनेस ग्रूप मोबाइल फोन**
**5/एफ, फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक बिल्डिंग**
**5 साइंस पार्क अवेन्यू**
**शाटिन न्यू टेरीटरी**
**हांगकांग**

अपनी एकमात्र ज़िम्मेदारी के अंतर्गत घोषणा करते हैं कि उत्पाद
**फिलिप्स एस S220**
सेलुलर मोबाइल रेडियो जीएसएम 900/जीएसएम 1800
टीएसी: 3524 2201

जिससे यह घोषणा संबंधित है, निम्न मानकों के अनुरूप है:
**EN 60950/2001**
**EN 50360:2001/EN 50361:2001**
**EN 301489-1 v1.5.1 और**
**EN 301489-7 v1.2.1**
**EN 301-511 v9.0.2**

हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि सभी अनिवार्य रेडियो टेस्ट समूह कर लिए गए हैं और यह कि उपरोक्त उत्पाद डायरेक्टिव 1999/5/**EC** सभी अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुरूप है।

निम्न सूचित प्राधिकरण की भागीदारी सहित डायरेक्टिव 1999/5/**EC** की धारा 10 में निर्दिष्ट और संयोजन III या IV में वर्णित अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रिया का पालन किया गया है:
**BABT**, **Belfour House, Churchfield Road, Walton-On-Thames, Surrey**, **KT**12 12TD, **UK**.
पहचान चिह : **0168**

अगस्त 08, 2006



**पीटर टिन**
वरिष्ठ डायरेक्टर, गुणवत्ता एवं व्यापार विशिष्टता